# पीएम-डिवाइन और पूर्वोत्तर विशेष अवसंरचना विकास योजनाएँ

## प्रिलिम्स के लिये:

पीएम-डिवाइन, पीएम गतिशक्ति

## मेन्स के लिये:

**भारत के लिये पूर्वोत्तर का महत्त्व, पूर्वोत्तर भारत से संबंधित चुनौतियाँ**

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **पूर्वोत्तर भारत के विकास** को बढ़ावा देने के लिये डिज़ाइन की गई पूर्वोत्तर क्षेत्र हेतु प्रधानमंत्री विकास पहल **(Prime Minister's Development Initiative for North Eastern Region- PM-DevINE)** में क्षेत्र की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं के अनुरूप महत्त्वपूर्ण संशोधन किये गए हैं।

- ये नए दिशा-निर्देश 12 अक्तूबर, 2022 से प्रभावी सभी पीएम-डिवाइन परियोजनाओं को नियंत्रित करते हैं।
- इसके अतिरिक्त **पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (Ministry of Development of the North Eastern Region- MDoNER)** 15वें वित्त आयोग की शेष अवधि (2022-2026) के दौरान कैबिनेट द्वारा अनुमोदित **पूर्वोत्तर विशेष अवसंरचना विकास योजना (North East Special Infrastructure Development Scheme- NESIDS)** को लागू करने के लिये नए योजना दिशा-निर्देश जारी करता है।

## पीएम-डिवाइन योजना के संशोधित दिशा-निर्देश:

- **परियोजना निरीक्षण और शासन:**
    - MDoNER, NEC या केंद्रीय मंत्रालयों/एजेंसियों के माध्यम से कार्यान्वयन के साथ राज्य सरकारों, उत्तर-पूर्वी परिषद **(North Eastern Council- NEC)** और संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों के परामर्श से **परियोजना चयन, अनुमोदन एवं निगरानी** का निरीक्षण करेगा।
    - ये दिशा-निर्देश प्रक्रिया की रूपरेखा तैयार करते हैं, जिसमें परियोजना की पहचान, चयन, **DPR** तैयार करना, मंज़ूरी, फंड जारी करना, निगरानी तथा परियोजना पूर्ण करना शामिल है।
- **अधिकार प्राप्त अंतर-मंत्रालयी समिति (Empowered Inter-Ministerial Committee- EIMC):**
    - पीएम-डिवाइन के अंतर्गत विभिन्न कार्यों की देख-रेख के लिये अधिकार प्राप्त अंतर-मंत्रालयी समिति का गठन।
    - इसकी अध्यक्षता पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय के सचिव द्वारा की जाएगी।
- **राज्य स्तरीय अधिकार प्राप्त समिति (State Level Empowered Committee- SLEC):**
    - परियोजना की समीक्षा एवं अनुमोदन हेतु राज्य स्तरीय अधिकार प्राप्त समिति का गठन।
    - **मुख्य सचिव**, **संबंधित सचिव** और **NEC के प्रतिनिधि** इसके सदस्यों के अंतर्गत आते हैं।
- **परियोजना चयन के संबंध में:**
    - पूर्वोत्तर राज्यों को **राज्य रसद नीति** को अधिसूचित करना और **भूमि राजस्व चार्ट सहित गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान डेटा अनुभागों को अद्यतन** करना चाहिये। इसके साथ-साथ सचिवों के अधिकार प्राप्त समूह, नेटवर्क योजना समूह और तकनीकी सहायता इकाई जैसे गतिशक्ति कार्यान्वयन तंत्र की स्थापना करनी चाहिये।
        - इन मानदंडों को पूरा नहीं करने वाले राज्यों को **वर्ष 2023-24 से नई पीएम-डिवाइन परियोजना की मंज़ूरी नहीं दी जाएगी**।

## पीएम-डिवाइन:

- **पीएम-डिवाइन की शुरुआत:**
    - पीएम-डिवाइन योजना एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, इसे केंद्रीय बजट 2022-23 के एक हिस्से के रूप में पेश किया गया था।
    - 12 अक्तूबर, 2022 को कैबिनेट ने पीएम-डिवाइन योजना को मंज़ूरी दी थी। **यह पूर्णतः अर्थात् 100% केंद्र द्वारा वित्तपोषित है**,

ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि संसाधन सीधे-सीधे विकास पहलों के लिये आवंटित किये जाएँ।
    - इसका क्रियान्वयन **पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय** द्वारा किया जाता है।
- **पीएम-डिवाइन के उद्देश्य:**
    - **अवसंरचना विकास:** पीएम **गति-शक्ति** की भावना के अनुरूप, पीएम-डिवाइन का लक्ष्य संपूर्ण NER में निर्बाध कनेक्टिविटी और पहुँच सुनिश्चित करते हुए एक समेकित तरीके से अवसंरचना परियोजनाओं को वित्तपोषित करना है।
    - **सामाजिक विकास परियोजनाओं का समर्थन:** NER की विशिष्ट ज़रूरतों और चुनौतियों की पहचान करते हुए **यह योजना उन सामाजिक विकास परियोजनाओं का समर्थन करने का प्रयास करती है** जो महत्त्वपूर्ण मुद्दों का समाधान कर क्षेत्र के निवासियों के जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार करती हैं।
    - **युवाओं और महिलाओं का सशक्तीकरण:** पीएम-डिवाइन **विशेष रूप से NER के युवाओं और महिलाओं को लक्षित करके आजीविका के अवसर उत्पन्न करने में मदद करती है,** जिससे वे क्षेत्र के विकास और प्रगति में सक्रिय रूप से भाग लेने में सक्षम होंगे।
- **पीएम-डिवाइन के तहत अयोग्य परियोजनाएँ:**
    - दीर्घकालिक व्यक्तिगत लाभ या **"प्रत्यक्ष लाभ अंतरण"** प्रदान करने वाली परियोजनाएँ।
    - **सरकारी कार्यालयों/एजेंसियों के प्रशासनिक भवनों या संस्थागत आवश्यकताओं के लिये परियोजनाएँ।**
    - **अन्य MDoNER योजनाओं द्वारा सम्मिलित किये गए क्षेत्र और DoNER मंत्रालय द्वारा नकारात्मक सूची में निर्दिष्ट क्षेत्र।**

## पूर्वोत्तर विशेष अवसंरचना विकास योजना (NESIDS):

- NESIDS 100% केंद्रीय वित्तपोषण वाली एक **केंद्रीय क्षेत्र योजना** है, जिसका वर्ष 2022-23 से 2025-26 के लिये नवीनीकृत अनुमोदित परिव्यय 8139.50 करोड़ रुपए है।
- इस योजना में दो घटक शामिल हैं- **NESIDS- सड़क** और **NESIDS- सड़क से अन्य बुनियादी ढाँचा (OTR)।**
- पहले से मौजूद **नॉर्थ-ईस्ट रोड सेक्टर डेवलपमेंट स्कीम (NERSDS)** के NESIDS-**सड़क** में विलय के बाद नए दिशा-निर्देश तैयार किये गए।
- NESIDS का लक्ष्य पूर्वोत्तर राज्यों के चिह्नित क्षेत्रों में बुनियादी ढाँचे का विकास, विशेष रूप से समन्वय को बढ़ावा देना है।

## पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास से संबंधित अन्य पहल:

- उत्तर-पूर्वी परिषद (NEC)
- कनेक्टिविटी परियोजनाएँ: कलादान मल्टी-मोडल ट्रांज़िट प्रोजेक्ट (म्याँमार) और बांग्लादेश-चीन-भारत-म्याँमार (BCIM) कॉरिडोर।
- भारतमाला परियोजना ( NER में 5,301 किमी. सड़क का विस्तार)
- RCS-UDAN (उड़ान को और अधिक किफायती बनाने के लिये) के तहत पूर्वोत्तर को प्राथमिकता वाले क्षेत्र के रूप में रखा गया है।

### UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न. उत्तर-पूर्वी भारत में उपप्लवियों की सीमा के आर-पार आवाजाही, सीमा की पुलिसिंग के सामने अनेक सुरक्षा चुनौतियों में से केवल एक है। भारत-म्याँमार सीमा के आर-पार वर्तमान में आरंभ होने वाली विभिन्न चुनौतियों का परीक्षण कीजिये। साथ ही चुनौतियों का प्रतिरोध करने के कदमों पर चर्चा कीजिये। (2019)**

**स्रोत: पी.आई.बी.**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pm-devine-and-nesids-schemes